an>

Title: Need to raise a fencing around the sanctury for black deer at Bhal and develop it as a tourist place.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर में एक भाल क्षेत्र है, जिसमें वेलावदर और आसपास के इलाके में बहुत ही सुंदर घास के मैदान हैं। उसमें हजारों की संख्या में काले हिरण पाए जाते हैं। उसकी वजह से 1976 में उसे कालिया हिरण का अभ्यारणय घोषित किया गया है। यह लगभग 42 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस अभ्यारण्य के आसपास कोई भी बाऊंडरी या फेन्सिंग नहीं है इसलिए हिरण आसपास के क्षेत्रों में चले जाते हैं और किसानों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। इस वजह से किसान बहुत ही परेशान रहते हैं। सुंदर घास मैदान और काले हिरण की वजह से यह सुंदर पर्यटन स्थल बन सकता है लेकिन सुविधाओं के अभाव में वे सिर्फ घास के जंगल बन कर रह गए हैं। आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसके चारों तरफ फेंसिंग कराई जाए जिससे हिरणों का शिकार न होने पाए।